Publication Rajasthan Patrika
Language Hindi
Edition New Delhi
Journalist Anurag Mishra
Date 14/03/2023
Page no 2

उच्चस्तरीय समिति की बैठक

पांच राज्यों को 1,816.162 करोड़ की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता मंजूर

अनुराग मिश्रा
patrika.com

नई दिल्ली. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पांच राज्यों को सहायता मंजूर की गई। यह इन प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले पांच राज्यों के लोगों की मदद के लिए केंद्र की तरफ से दी जाने वाली सहायता है। असम, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मेघालय और नगालैंड को 2022 के दौरान आई बाढ़/भूस्खलन, बादल फटने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने 2022 के दौरान बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता मंजूर की है। एचएलसी ने एनडीआरएफ से पांच राज्यों के लिए 1,816.162 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता मंजूर की।

अलग-अलग राज्यों को दी गई राशि

- असम को 520.466 करोड़ रुपए
- हिमाचल प्रदेश को 239.31 करोड़ रुपए
- कर्नाटक को 941.04 करोड़ रुपए
- मेघालय को 47.326 करोड़ रुपए
- नगालैंड को 68.02 करोड़ रुपए

केन्द्र ने 25 राज्यों को दी राशि

यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) में दी गई धनराशि के अलावा है, जो पहले से ही राज्यों के पास है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, केन्द्र सरकार ने 25 राज्यों को उनके एसडीआरएफ में 15,770.40 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ से 4 राज्यों को 502.744 करोड़ रुपए जारी किए हैं। केन्द्र सरकार ने इन राज्यों में आपदाओं के तुरंत बाद, उनसे ज्ञापन प्राप्त होने की प्रतीक्षा किए बिना, अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय टीमों (आईएमसीटी) को भेज दिया था।

Internal (for authorised circulation only)
Downloaded from SAMVAD